मेरी आस ना तोड़ो बाला जी

मेरी आस ना तोड़ो बाला जी, मेरा संकट काटो बाला जी,
तेरे द्वार पड़े युग बीत गये, मेरा संकट काटो बाला जी॥

मैं जल भर झारी लायी हूँ, तुम प्रेम से नहा लो बाला जी,
मैं चन्दन घिसकर लाई हूँ, तुम तिलक लगा लो बाला जी,
तेरे द्वार पड़े युग बीत गये, मेरा संकट काटो बाला जी॥

मैं चोला लेकर आई हूँ, तुम चोला चढ़ाओ बाला जी,
मैं हार गूंथकर लाई हूँ, तुम प्रेम से पहन लो बाला जी,
तेरे द्वार पड़े युग बीत गये, मेरा संकट काटो बाला जी॥

मैं दूध कटोरा भर लाई, तुम प्रेम से पीलो बाला जी,
मैं लाडू लेकर आई हूँ, तुम भोग लगा लो बाला जी,
तेरे द्वार पड़े युग बीत गये, मेरा संकट काटो बाला जी॥

मैं दूध कटोरा भर लाई, तुम प्रेम से पीलो बाला जी,
मैं घणो चूरमो लेकर आई हूँ, तुम भोग लगा लो बाला जी,
मेरी आस ना तोड़ो बाला जी, मेरा संकट काटो बाला जी॥

मैं संकट लेकर आई हूँ, तुम संकट काटो बाला जी,
मैं जोगन बनकर आई हूँ, तुम दर्शन दे दो बाला जी॥

मैं झोली पसारे आई हूँ, तुम झोली भर दो बाला जी,
मैं मनोकामना लाई हूँ, तुम पूरी कर दो बाला जी,
तेरे द्वार पड़े युग बीत गये, मेरा संकट काटो बाला जी,
तेरे द्वार पड़े युग बीत गये, मेरा संकट काटो बाला जी.......

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24352/title/meri-aas-na-todo-bala-ji

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |